प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 10.05.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्र सरकार ने श्रम संहिता के लिए नए दिशा–निर्देश जारी किए, समय पर वेतन का भुगतान,अनिवार्य सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रावधान शामिल।

2. केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा– राज्य सरकार विकास के हर मोर्चे पर विफल साबित, स्वास्थ्य, बिजली – पानी समेत मूलभूत सुविधाओं के लिए प्रदेश में लोग परेशान।

3. रांची में आज चलाया जाएगा विशेष स्वगणना अभियान, प्रशासन ने लोगों से डिजिटल माध्यम से भाग लेने की अपील की। ऑनलाइन पोर्टल से स्वयं दर्ज कर सकते हैं जानकारी।

4. खूंटी के जिलिंगा जंगल से पीएलएफआई के दो उग्रवादी गिरफ्तार, धनबाद में हथियारों के साथ दबोचे गए 4 अपराधी।

5. मौसम विभाग ने रांची समेत राज्य के कई जिलों में आज बारिश, तेज हवाएं चलने, गर्जन, वज्रपात को लेकर जारी किया ऑरेन्ज अलर्ट।

*********************

केंद्र सरकार ने श्रम संहिता के लिए नए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इससे केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों, स्वायत्त निकायों और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत आउटसोर्स तथा संविदा कर्मचारियों की सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने कहा कि इन सुधारों का उद्देश्य समय पर वेतन का भुगतान, अनिवार्य सामाजिक सुरक्षा अंशदान, ठेकेदारों और प्रमुख नियोक्ताओं की अधिक जवाबदेही तथा श्रम कानूनों के उल्लंघन के खिलाफ मजबूत प्रवर्तन व्यवस्था् सुनिश्चित करना होगा। इन उपायों से संविदा कर्मचारियों के वेतन भुगतान में देरी और वैधानिक देय राशियों के भुगतान में चूक कम हो सकेगी।

*********************

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में उच्च–स्तरीय बैठक में आशंकित बाढ़ और लू से निपटने की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। बैठक के दौरान श्री शाह राहत और बचाव उपायों में केन्द्रीय सरकारी एजेंसियों की तत्परता का आकलन करेंगे। शुरुआती चेतावनी प्रणालियों, संसाधनों की तैनाती और अंतर–एजेंसी समन्वय की भी समीक्षा की जायेगी ताकि जानमाल का नुकसान कम से कम किया जा सके। केन्द्रीय गृह मंत्री दीर्घावधि बाढ़ रोकथाम उपायों की प्रगति की भी समीक्षा करेंगे।

*********************

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने झारखंड की जेएमएम–कांग्रेस गठबंधन सरकार पर राज्य की मूलभूत व्यवस्था को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पतालों की स्थिति खराब है और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। अन्नपूर्णा देवी ने दावा किया कि राज्य सरकार विकास के हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है।

*********************

जनगणना–2027 के तहत रांची जिले में आज विशेष सेल्फ एन्यूमेरेशन ड्राइव चलाया जाएगा। उपायुक्त सह प्रधान जनगणना पदाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री ने लोगों से दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक डिजिटल माध्यम से स्वगणना में भाग लेने की अपील की है। प्रशासन ने बताया कि नागरिक एसई डॉट सेंसस डॉट गोव डॉट इन पोर्टल पर जाकर स्वयं अपना विवरण दर्ज कर सकते हैं। जनगणना से जुड़ी सभी सूचनाएं जनगणना अधिनियम 1948 के तहत पूरी तरह गोपनीय रखी जाएंगी।

*********************

साहिबगंज जिले में समाहरणालय परिसर से सेंसस 2027 अंतर्गत आम जनों को जागरूक करने के उद्देश्य से एलईडी प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता वाहन जिले के विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर जनगणना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों का प्रचार–प्रसार करेगा तथा नागरिकों को स्व गणना के प्रति प्रेरित करेगा।

*********************

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने जिले के विभिन्न निजी विद्यालयों के प्राचार्यों और प्रतिनिधियों के साथ शुल्क निर्धारण एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत वंचित वर्ग के बच्चों के नामांकन को लेकर बैठक की। इसमें झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण संशोधन अधिनियम–2017 के प्रावधानों के अंतर्गत जिलास्तरीय शुल्क निर्धारण समिति की पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।

*********************

रांची व्यवहार न्यायालय परिसर में "पलाश आजीविका कैफे" का उद्घाटन झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश एवं झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने किया। नगड़ी प्रखंड की स्वयं सहायता समूह की महिलाएं इस कैफे का संचालन करेंगी, जहां पारंपरिक व्यंजनों सहित विभिन्न खाद्य पदार्थ उपलब्ध होंगे।

*********************

खूंटी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जिलिंगा जंगल में छापेमारी कर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने बताया कि इनके पास से दो देशी कट्टा और गोलियां बरामद की गई हैं तथा वे संगठन के लिए लेवी वसूली में सहयोग करते थे।

*********************

धनबाद के झरिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि सभी आरोपी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। इनके अन्य साथियों की तलाश में छापेमारी जारी है।

*********************

देवघर जिले में पुलिस ने सारठ और खागा थाना क्षेत्र के गांवों में साइबर जागरूकता अभियान शुरू किया है। पुलिस ने साइबर अपराधियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई और संगठित अपराधियों की संपत्ति जब्त करने की चेतावनी दी ।साथ ही कहा कि संरक्षण देने वालों को भी चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। अभियान में टोल फ्री नंबर 1930 के प्रचार पर जोर दिया गया।

*********************

आगामी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए भारतीय महिला वॉलीबॉल खिलाड़ियों के लिए ओपन सिलेक्शन ट्रायल और तैयारी शिविर का आयोजन केआईआईटी, भुवनेश्वर में किया जा रहा है। 22 मई से काठमांडू, नेपाल में आयोजित होने वाली कावा महिला चौंपियनशिप 2026 के लिए चयन परीक्षण कैंपस भुवनेश्वर में 13 और 14 मई को आयोजित होगा।

*********************

जमशेदपुर एफसी को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बेंगलुरु एफसी के खिलाफ 1–0 से हार का सामना करना पड़ा। बेंगलुरु के लिए मैच का एकमात्र गोल रयान विलियम्स ने 38वें मिनट में किया।

*********************

मौसम विभाग ने रांची, खूंटी समेत राज्य के कई जिलों में आज बारिश, तेज हवाएं चलने, गर्जन, वज्रपात को लेकर ऑरेन्ज अलर्ट जारी किया है । इसके साथ ही 16 मई तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का पूर्वानुमान है ।

*********************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने बंगाल में नई सरकार के गठन की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

हिन्दुस्तान लिखता है– शुभेंदु अधिकारी ने बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के तौर पर ली शपथ।

दैनिक भास्कर की हेडलाइन है तमिलनाडू में विजय पथ.... नतीजे के पांच दिन बाद बहुमत, शपथ ग्रहण आज।

प्रभात खबर के शब्द हैं– विश्वविद्यालयों के वित्त  विभाग में तीन साल से कार्यरत कर्मियों को बदलने का आदेश

दैनिक जागरण की सुर्खी है– मनी लॉडिंग मामले में पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा गिरफ्तार।

*********************